सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

आकाशवाणी, दिल्ली द्वारा अनाउन्सरों आदि की नियुक्ति

640. **श्री राम सेवक यादव** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र द्वारा 1968 और 1969 में कितने-कितने अनाउंसर, प्रोडक्शन असिस्टेंट और जनरल असिस्टेंट नियुक्त किये गये ;

(ख) क्या नियुक्त किये गये व्यक्तियों को पहले 10 से 15 दिन तक के लिये ठेके के आधार पर नैमित्तिक कलाकारों के रूप में इसी काम के लिये रखा गया था ;

(ग) क्या इन व्यक्तियों को नैमित्तिक कलाकारों के रूप में पहला ठेका देने की तारीख से पहले किसी अवसर पर किसी भी हैसियत से आकाशवाणी के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिये बुलाया गया था ;

(घ) यदि नहीं, तो इन्हीं व्यक्तियों को नैमित्तिक ठेके देने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) इन व्यक्तियों की शैक्षिक और तकनीकी अर्हताएं क्या हैं ; और उपरोक्त भाग (क) में निर्दिष्ट नैमित्तिक कलाकारों के रूप में रखे गये उन व्यक्तियों की शैक्षिक अर्हताओं का ब्यौरा और उनके नाम क्या हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क)

श्रेणी	कैलेन्डर वर्ष 1968/1969	
1. अनाउंसर	1	5
2. प्रोडक्शन एसिस्टेंट	1	4
3. जनरल एसिस्टेंट	1	1

(ख) जी, हाँ। उनमें से सात।

(ग) जी, हां। भाग (ख) में बताये गये व्यक्तियों में से दो ने दिल्ली के कार्यक्रमों में भाग लिया था।

(घ) पहले का प्रसारण अनुभव तथा कार्यक्रम आवश्यकताएं।

(ङ) अपेक्षित जानकारी सभा-पटल पर रखे गये विवरण में दी हुई है [**ग्रन्थालय में रख दिया गया। देखिये संख्या** LT–2030/69]

आकाशवाणी, दिल्ली के कार्यक्रम-प्राप्त कर्मचारी

641. **श्री राम सेवक यादव** : **क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी, दिल्ली में ऐसे प्रोड्यूसरों, एसिस्टेंट प्रोड्यूसरों और प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव्ज की संख्या कितनी है जिनकी आयु 55 वर्ष है ;

(ख) क्या सरकार को यह विदित है कि वे सभी शारीरिक रूप से अयोग्य हैं और अपने कार्य को दक्षतापूर्ण करने में असफल हैं ;

(ग) क्या सरकार एक उच्च स्तरीय समिति नियुक्त करके उक्त तथ्यों की जांच करायेगी ताकि आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र के कार्यक्रमों को सुधारा जा सके ;

(घ) क्या सरकार का विचार इन व्यक्तियों को सेवा निवृत करने अथवा अन्य स्थानों पर, जहां प्रोडक्शन कार्य का भार कम है, स्थानान्तरित करने का है ; और

(ङ) जिन कर्मचारियों की आयु 55 वर्ष की हो चुकी हैं उनके नाम क्या हैं और वे आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र में किस-किस तिथि से कार्य कर रहे हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) 1. प्रोड्यूसर दो) 1-11-1969

2. सहायक प्रोड्यूसर एक) की

3. प्रोग्राम [illegible]